नवराते माँ के आ गए

नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

हाथ में लोटा गंगाजल पानी,
गंगाजल पानी गंगाजल पानी,
मेरी मैया रानी आ गई,
कोई चरण घुलाओ रे,
नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

हाथ कटोरी केसर रोली,
केसर रोली केसर रोली,
मेरी मैया रानी आ गई,
कोई तिलक लगाओ रे,
नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

चुन चुन कलियाँ हार बनाया,
हार बनाया हार बनाया,
मेरी मैया रानी आ गई,
कोई माला पहनाओ रे,
नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

लाल लाल चोला देखो लगी है किनारी,
लगी है किनारी लगी है किनारी,
मेरी मैया रानी आ गई,
कोई चुनर उढ़ाओ रे,
नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

हलवा छोले और ले मेवा,
और ले मेवा और ले मेवा,
मेरी मैया रानी आ गई,
कोई भोग लगाओ रे,
नवराते माँ के आ गए,
कोई भवन सजाओ रे.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31094/title/navrate-maa-ke-aa-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |